तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2025

12 प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय भी कर रहे ...



10 कन्या महाविद्यालय में सरस्वती पूजन कर शास्त्रीय...





## खबर संक्षेप

### सिंघौरी में माघी पुन्नी मेला आज

**बेमेतरा।** ग्राम सिंघौरी में श्री शिव गौरी धाम में माघी पूर्णिमा के अवसर पर 12 फरवरी को भूत भावन भगवान शिव जी की पूजा एवं भव्य मेला का आयोजन किया गया है। शिव गौरी धाम के सिंघौरी के अध्यक्ष सुशील पुरी गोस्वामी ने बताया कि माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां रामायण पाठ का कार्यक्रम भी रखा गया है।

### धनोरा में माघी पुन्नी पर आज लगेगा मेला

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा में आज माघी पुन्नी मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है। श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार समिति द्वारा 67 वर्ष से निरंतर माघी पुन्नी के दिन मेला मड़ई एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है। भंडारा में सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण करते हैं। समिति के अध्यक्ष झब्बू साहू एवं वासुदेव सप्रे ने बताया कि रात्रि में बाहर बाहर से आने वाले सगा पहुना एवं समस्त ग्रामवासी के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। लेकिन, इस वर्ष चुनाव के कारण आचार संहिता के कारण रात्रि में होने वाले छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत का कार्यक्रम नहीं होगा। उक्त कार्यक्रम अब हनुमान प्रकटोत्सव के पावन पर्व पर अप्रैल में आयोजित किया जाएगा।

### 8वीं के छात्र ने लगाई फांसी

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी निवासी कक्षा 8 वीं के छात्र ने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार छात्र शहर के रेलवे कॉलोनी का रहने वाला था। वह बालोद के निजी विद्यालय में कक्षा 8 वीं का छात्र था। उसने अज्ञात कारणों से घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, सोमवार को देर रात होने के कारण मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।







**मतदान :** जिले के नगरीय निकायों में व्यवस्थित रूप से शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण हुआ मतदान

# समय के साथ बढ़ती गई मतदाताओं की संख्या शाम 5 बजे तक हुआ 77.44 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव 2025 के तहत बेमेतरा जिले के सभी 10 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मतदान संपन्न हुआ। सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलेभर में मतदान का माहौल उत्साहपूर्ण रहा, जहां मतदाता स्वस्फूर्त रूप से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। जिले में मतदान का प्रतिशत 77.44 प्रतिशत रहा।

नगरीय निकायों की सरकार बनाने जिला मुख्यालय बेमेतरा के कुछ मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए जुटे, जिनमें युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल थे। मतदाताओं ने पूरे जोश के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे मतदान प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा न आए। सुबह 10 बजे तक जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 15.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मतदाताओं की संख्या में भी तेजी आई। दोपहर 12:00 बजे तक जिले में 42.99 प्रतिशत, दोपहर 2 बजे तक 56, शाम 4 बजे तक 65 प्रतिशत के बाद आखिरी घंटे शाम 5 बजते-बजते जिले में मतदान का प्रतिशत 74.44 तक पहुंच गया। इस प्रकार बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे, ताकि मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में हो सके। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर छांव, पानी और अन्य सुविधाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था थी, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में इस बार मतदाताओं का जोश और भागीदारी उल्लेखनीय है। मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले नागरिकों का उत्साह इस बात का संकेत है कि लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं।

### पहली बार मतदान






### पहली बार किया मतदान, लोकतंत्र में निभाई अहम भूमिका

नगर पालिका परिषद के कन्या शाला स्कूल में बने आदर्श मतदान केंद्र में साहिल मोटवानी, उम्र 19 वर्ष, ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। वार्ड नंबर 4 निवासी साहिल ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसी तरह पिंकी बंजारे 19 वर्ष ने वार्ड नंबर 11 में पहली बार अपना मतदान का प्रयोग किया है। मतदान के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार मतदान करना एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मैंने अपनी भूमिका निभाई और अपने मत का उपयोग किया। साहिल जैसे युवा मतदाताओं की भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र में हर एक मतदाता का योगदान महत्वपूर्ण है, चाहे वह पहली बार मतदाता हो या वर्षों से इस प्रक्रिया का हिस्सा हो। इसी तरह वार्ड नंबर 3के 18 वर्षीय अनीस साहू ने मतदान बार कर मतदान लोकतंत्र में निभाई अपनी अहम भूमिका निभाई।

### 92 वर्षीय रामा प्रसाद मिश्रा व 75 साल की माधुरी दुबे ने किया मतदान

नगरीय निकाय चुनाव 2025 के चुनाव के दौरान आज वार्ड नंबर 03 के 92 वर्षीय असिस्टेंट प्रोफेसर (रिटायर्ड) रामाप्रसाद मिश्रा ने लोकतंत्र के प्रति अपनी अद्वितीय प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए मतदान किया। स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के बावजूद उन्होंने अपने परिवार से स्पष्ट रूप से कहा, मुझे वोट देना है, चाहे कुछ भी हो जाए। लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाने के प्रति उनकी यह अडिग निष्ठा प्रेरणादायक है। रामा प्रसाद मिश्रा ने बेमेतरा के कन्या शाला स्कूल में स्थित आदर्श मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनके परिवार ने बताया कि वह कल से ही मतदान के लिए बेहद उत्साहित थे और अपनी तबीयत को नजरअंदाज करते हुए वोट देने की जिद पर अड़े थे। परिवार के सदस्यों ने उनकी यह इच्छाशक्ति देखकर उनका साथ दिया और आज उन्हें मतदान केंद्र पर लाकर उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी पूरी कराई। उनकी इस प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक लाया गया, जहां उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया इसी तरह से वार्ड नंबर आठ में 75 वर्षीय माधुरी दुबे ने भी मतदान केंद्र में पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया।

### पुरुषों की तुलना में ज्यादा महिलाओं ने किया मतदान

बेमेतरा। जिले भर में 10 नगरीय निकायों के लिए हो रहे चुनाव में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारें मतदान केंद्रों पर देखी गईं। लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लेने के लिए आम जनता ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक मतदान का कुल प्रतिशत 77.44 प्रतिशत तक पहुंच गया, जोकि मतदाताओं के भारी उत्साह को दर्शाता है। कुल 58,163 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिनमें 28,747 पुरुष और 29,416 महिलाएं शामिल थीं। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 में बेमेतरा जिले के मतदाताओं ने जागरूकता और उत्साह के साथ मतदान किया। खासकर महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की भागीदारी सराहनीय रही। महिला मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। युवाओं ने पहली बार मतदान कर अपनी जिम्मेदारी को समझा और प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिसके लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे।

### निकायवार मतदान प्रतिशत

**नगर पालिका बेमेतरा - 71.68%**

- बेरला - 79.52%
- साजा - 75.61%
- थानखम्हरिया - 78.46%
- देवकर - 79.42%
- परपोड़ी - 86.95%
- नवागढ़ - 75.66%
- दाढ़ी - 83.25%
- भिंभौरी - 89.18%
- कुसमी - 90.90%

### बाइपास सर्जरी के बावजूद 79 वर्षीय राम कुमार तिवारी पहुंचे मतदान केंद्र

बेमेतरा वार्ड 3 के निवासी 79 वर्षीय राम कुमार तिवारी ने हाल ही में बाईपास सर्जरी के बाद भी लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आज नगरीय निकाय चुनाव में मतदान किया। उनके इस साहसिक और प्रेरणादायक कदम ने अन्य मतदाताओं के लिए एक मिसाल पेश की है। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बावजूद मतदान केंद्र पर पहुंचकर न केवल अपने मताधिकार का प्रयोग किया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों।

### आदर्श मतदान केंद्र बना आकर्षण का केंद्र

हायर सेकेंडरी गर्ल्स विद्यालय को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 वार्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 4, 5 ,6, मतदान केंद्र था। आदर्श मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध थीं। इनमें छाया, पानी और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हीलचेयर की विशेष सुविधा भी मुहैया कराई गई थी, ताकि किसी मतदाता को असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त छोटे-छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए प्ले जोन की व्यवस्था की गई थी। विभिन्न फूलों से युक्त बागवानी को सजाया गया। साथ ही यहां पर स्वास्थ्य चिकित्सा की भी व्यवस्था रखी गई थी। डॉक्टर और विभिन्न दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई थी सबसे उल्लेखनीय बात यह भी था कि यहां पर छोटे छोटे बच्चों को दूध पिलाने की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी मतदान केन्द्रों से सबसे हटकर इस मतदान केंद्र में मतदान करने आने वाले मतदाताओं का स्वागत तिलक लगाकर किया जाता था।



# नगर पंचायत नवागढ़ में 75.72 प्रतिशत मतदान

## अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डों के पार्षदों के लिए भी डाले गए वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़


मंगलवार को नगर पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। अध्यक्ष के साथ ही नवागढ़ नगर के 15 वार्डों में वार्ड पार्षदों के लिए भी वोट डाले गए। नगर पंचायत नवागढ़ में कुल मिलाकर 75.72 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 9,597 में 7,267 वोट डाले गए। अब 15 फरवरी को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चलेगा कि कहां किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा और किसे पांच वर्ष और इंतजार करना पड़ेगा। नवागढ़ में नगर की सरकार चुनने के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा। सुबह 8:00 बजे से वोटिंग शुरू हुई। हालांकि, कई मतदान केंद्रों पर उससे पहले ही लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग चुकी थी। सुबह आठ बजे से शाम 5 बजे तक हुई इस वोटिंग में दिनभर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ती रही। नगर के वार्ड 01 में 611, वार्ड 02 में 534, वार्ड 03 में 329,वार्ड 04 में 547, वार्ड 05 में 445, वार्ड 06 में 368, वार्ड 07 में 579, वार्ड 08 में 426, वार्ड 09 में 416, वार्ड 10 में 376, वार्ड 11 में 455, वार्ड 12 में 603, वार्ड 13 में 518, वार्ड 14 में 524 एवं वार्ड 15 में 536 मतदाताओं ने वोट डालें। नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क था, और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी गई। चुनाव अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते मतदान के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। इस चुनाव में युवा मतदाताओं ने विशेष रुचि दिखाई और बड़ी संख्या में मतदान किया। पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर उनकी लंबी कतारें यह दर्शा रही थीं कि अब युवा भी अपने नगर के विकास के लिए जागरूक हो रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।





### चर्चाओं का दौर तेज, जीत को लेकर लगाए जा रहे कयास

उधर, मतदान सम्पन्न होते ही अब नगर में चुनाव परिणामों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। मतदाता अपनी-अपनी पसंद के उम्मीदवार की जीत को लेकर कयास लगा रहे हैं। नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष पद की सीट के लिए भाजपा के हेमंत महिलांग और कांग्रेस के धनेश घृतलहरे एवं निर्दलीय सिद्धांत चौहान के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। अब सभी की निगाहें आगामी 15 फरवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। मतगणना के दिन नगर पंचायत नवागढ़ की जनता को यह पता चलेगा कि उनके नगर की बागडोर किसके हाथों में जाने वाली है। प्रत्याशी और उनके समर्थक बेसब्री से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं।





हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

जन्मदिन उत्सव

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसीं श्रमिक बस्तियां

**भिलाई।** औद्योकिग क्षेत्र की उपेक्षा की कीमत श्रमिक बस्तियों को लोगों को चुकानी पड़ रही है। बस्तियों को दोतरफा समस्या हो रही है। कई निगम से शिकायत करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रही है। इससे बस्तीवासियों में असंतोष बढ़ रहा है। स्लम के सीने पर तने बड़े बड़े उद्योग सोशल रिस्पांसबिलिटी को लेकर पूरी तरह उदासनी है। निगम भी अकर्मण्य बना हुआ है । छत्तीसगढ़ के दूसरे सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों से बदतर श्रमिक बस्तियों की है। श्रमिक बस्ती हथखोज, छावनी, जामुल और एसीसी के पीछे की बस्ती आदि बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि केमिकल और अन्य उद्योगों का प्रदूषित पानी, कचरा, धुआं और डस्ट कच्चे और झुग्गी बस्तियों को बीमारियां परोस रहा है। हथखोज में घरों के सामने सीवरेज और खटालों का भी पानी गंदगी और बदबू फैला रहा है । इससे घरों लोगों को रहना दुश्वार हो गया है।

### टाटा लाइन तिराहा में दुर्घटना का अंदेशा


**भिलाई।** राम नगर से कोहका जाने वाले व्यस्ततम मार्ग पर जाम के हालात से लोगों को परेशानी हो रही है। अवंतीबाई चौक के निकट टाटा लाइन तिराहे पर दोनों ओर गड्ढा होने से सदैव दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। यहां स्ट्रीट लाईट भी खराब होने से शाम होते ही अंधेरा से आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि व्यस्ततम अंवतीबाई चौक से रूंगटा कॉलेज, जेवरा सिरसा, लक्ष्मीनगर तथा कातुलबोर्ड की ओर मार्ग जाते हैं। इस कारण सदैव जाम के हालात बनते रहते हैं। निकट ही टाटा लाइन तिराहा है। यहां अंधेरे और गड्ढे की शिकायत के बाद भी नगर निगम द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके पहले छिटपुट दुर्घटनाएं और लूट की घटनाएं हो चुकी हैं।

### श्रमिक की मौत, ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मकान में पानी तराई करते समय श्रमिक के मौत मामले में पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई किया है। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मकान मालिक मनमोहन श्रोती ने मकान बनाने का काम ठेकेदार घनश्याम पाण्डेय को दिया था। इस दौरान मकान में पानी तराई करने ठेकेदार का श्रमिक सुंदरू राम सागरवंशी आया करता था। 27 फरवरी 2024 की सुबह पानी तराई का काम चल रहा था। इस दौरान बिजली के तार में सुंदरु राम का हाथ आने से करंट लग गया।

## निधन

### रामाधार साहू



**बालोद।** ग्राम मोंगरी निवासी रिटायर्ड लेक्चरर रामाधार साहू 84 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे रामनारायण साहू व मदन साहू के पिता थे।

---

**पर्व**

# गौरैया धाम में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे हजारों श्रद्धालु

**माघी पुन्नी पर आज लगेगा मेला, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन**







**मोहलई पार में भोजन भंडारा**

मोहलई पार में भोजन भंडारा गौरैया मेला के एक क्षेत्र मोहलई पार में श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके अलावा यहां चौका आरती भी की जाएगी। सामूहिक सात्विक यज्ञ का भी आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

जिला मुख्यालय बालोद से 30 किलोमीटर दूर स्थित गौरैय्या धाम में माघी पूर्णिमा के अवसर पर मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां तांदुला त्रिवेणी संगम तट पर पवित्र स्नान करने के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल के पदाधिकारी चुरामन चंद्राकर कृष्णा चंद्राकर श्रीराम चंद्राकर अवधराम चंद्राकर पोषण चंद्राकर जितेन्द्र शर्मा यशवंत साहू ने बताया कि लोक नृत्य, कथाचार्यों के प्रवचन एवं अन्य धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। उन्होंने बताया कि मेला मड़ई में गांव के देवी-देवताओं को आमंत्रित कर उनकी पूजा की जाती है और ग्रामीण परिवार सहित मेला का आनंद लेने आते हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि ब्रह्ममुहूर्त से ही घाट पर बनी बाउली में पुण्य स्नान करने श्रद्धालु पहुंचने लगते हैं। स्नान कर महादेव के दर्शन करने लंबी कतार लगती है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल से नदी किनारे तक सुगम रोड का निर्माण किया गया है। दुकानों विभागीय स्टाल, मीना बाजार, पार्किंग, अस्थाई शौचालय सीसीटीवी पेयजल आपूर्ति लाइटिंग आदि सुविधा उपलब्ध है।

**ड्रैगन झूला और हवाई झूले का भी आनंद ले सकेंगे:** समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बालोद जिले के चौरेल, पैरी, मोहलई संगम स्थल तांदुला नदी के तट पर प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा में गौरैया मेला का आयोजन होता है। इस बार मुख्य आयोजन तीन दिनों तक है। मेले में आने श्रद्धालु इस बार ड्रैगन झूला और हवाई झूले का भी आनंद ले सकेंगे। साथ ही मीना बाजार भी लोगों को लुभा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर लगभग 5000 दुकानें लगती हैं। सुविधा की दृष्टि से सभी दुकानों को एकरूपता के लिए अलग-अलग स्थान पर लगाया गया है। जैसे मिठाई की दुकानें एक लाइन में ही रहती हैं, सब्जी की दुकान एक लाइन पर रहती है, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। इस बार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मनोरंजन के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। चौरेल पार में गुरु घासीदास मंदिर परिसर और गौरैया मेला परिसर में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे। वहीं पैरी पार में कवि सम्मेलन का श्रद्धालु आनंद उठा सकेंगे। आसपास के गांव में भी रात्रिकालीन आयोजन किए जाते हैं।

---



# मानसगान प्रतियोगिता में डोटोपार व अंबागढ़ चौकी की मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

■ ग्राम अर्जुनी में हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

युवा संघ, संत कबीर मानस मंडली ग्राम अर्जुनी के तत्वावधान में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्री राम रूचिमा मानस परिवार डोटोपार बालोद, द्वितीय पुरस्कार सुमधुर मानस मंडली सलोनी खैरागढ़, तृतीय पुरस्कार निकेतन मानस मंडली नेवरिखुर्द बालोद को प्राप्त हुआ। इसी तरह चतुर्थ पुरस्कार चंचल मानस मंडली टोनाटर बलोदबाजार, पंचम पुरस्कार प्रज्ञा मानस मंडली भिंभौरी कबीरधाम, षष्ठम पुरस्कार प्रचंड मानस मंडली उत्तरबस्तर कांकेर को मिला। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार नवदीप बालिका मानस परिवार अंबागढ़ चौकी, द्वितीय पुरस्कार तुलसी के संदेश सम्पूर्ण महिला मानस मंडली बोरेंदा, तृतीय पुरस्कार गीता के संदेश बालिका मानस मंडली बहेरानभेडी, चतुर्थ पुरस्कार जय करुणामय महिला मानस मंडली उमरगांव सिहावा को प्राप्त हुआ। इसी तरह विशेष पुरस्कार के तहत व्याख्या में जय मां विंध्यवासिनी महिला मानस मंडली गोकुलपुर धमतरी, बेस्ट तबला में श्री सच्चिदनंद दीपज्योटी बालिका मानस मंडली गोरका, बेस्ट गायन में साईकृपा मानस मंडली जिवतरा, बेस्ट वेशभूषा में जनक नंदनी बालिका मानस मंडली कोड़ेवा बालोद, बेस्ट संगीत में प्रचंड महाकाली मानस मंडली उत्तरबस्तर कांकेर की मंडली ने स्थान प्राप्त किया।

---

# जादू-टोने का डर दिखाकर महिला से ठगे डेढ़ लाख के जेवर, दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ साइबर प्रहरी व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को मिली सफलता



साइबर प्रहरी व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से मिली सूचना के आधार पर अर्जुंदा पुलिस ने जादू टोना का डर दिखाकर सोने–चांदी के जेवरात ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से सोने–चांदी के जेवरात बरामद किया गया। आरोपियों को धारा 308(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी पर अन्य जिलों में भी ठगी करने का भी आरोप है।

आरोपी ग्राम दानीटोला सतनामी पारा थाना कोतवाली धमतरी जिला धमतरी निवासी नारायण बंजारे ऊर्फ मुकरी पिता स्व देवानंद बंजारे 55 वर्ष, ग्राम देवीनवागांव, थाना बालोद, जिला बालोद निवासी हेमंत कुमार यादव पिता स्व छन्नुलाल यादव 46 वर्ष से मंगलसूत्र का पेण्डल 01 नग, मंगलसूत्र का सोने की पत्ती 03 नग, 12 नग सोने का गेहूं दाना, दो जोड़ी सोने का खिनवा, दो जोड़ी चांदी की पायल जब्त की गई है। थाना अर्जुंदा के प्रार्थी ओडारसंकरी निवासी भोलाराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि 18 दिसंबर 2024 को उसकी पत्नी उमेश्वरी साहू से किसी अज्ञात व्यक्ति ने जादू टोना का डर दिखाकर उससे 02 नग सोने का मंगलसुत्र, 02 जोड़ी सोने का टाप्स एवं 02 जोड़ी चांदी की पायल तथा नगदी 1000 रूपए सहित कुल 1,50,000 रूपये की ठगी कर ली थी। विवेचना के दौरान संदेहियों का फोटोग्राफ पीड़िता उमेश्वरी साहू को दिखाने पर आदतन अपराधी नारायण बंजारे ऊर्फ मुकरी के फोटो की पहचान की थी। उसके आधार पर आरोपी नारायण बंजारे ऊर्फ मुकरी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान साइबर प्रहरी व्हाट्सअप ग्रुप में संदेही आरोपी के फोटो को वायरल किया गया था। इस पर आरोपी के आने-जाने की सूचना लगातार मिलने लगी। इस बीच 7 फरवरी को थाना गुरूर क्षेत्र के ग्राम बगदई तरफ आरोपी नारायण बंजारे के घूमने की सूचना मिली। सूचना पर घेराबंदी कर संदेही आरोपी नारायण बंजारे ऊर्फ मुकरी को पकड़ा गया।

### अपने एक साथी को दे दिए थे कुछ जेवर

पूछताछ में उसने प्रार्थिया से ठगी की बात कबूल की और कुछ आभूषण अपने साथी देवीनवागांव निवासी हेमंत कुमार यादव को देना बताया। वहीं, हेमंत यादव ने आभूषण प्राप्त करना स्वीकार किया। उसके बाद दोनों आरोपियों से मंगलसूत्र का पेण्डल 01 नग, सोने की पत्ती 03 नग, सोने के 12 गेहूं दाने, दो जोड़ी सोने का खिनवा, दो जोड़ी चांदी की पायल को जब्त किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी नारायण बंजारे ऊर्फ मुकरी ने ग्राम बरौंदा थाना महासमुंद, ग्राम चाराचार थाना रनचिरई, जिला बालोद व नगरी जिला धमतरी में भी चोरी व ठगी करना बताया। इस मामले में संबंधित थाना प्रभारियों को सूचित किया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

---

**फूल गए परसा के फूल...**



**डौंडीलोहारा।** फाल्गुन महीने के पूर्व पलाश के फूल खिलने लगे हैं। दिखने में सुर्ख लाल फूल मन को आनंदित व रोमांचित कर देते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर यह फूल कई बीमारियों के लिए लाभकारी है। फाल्गुन महीने में होने वाले होली के त्योहार पर इसका अलग ही महत्व है। इस फूल की लालिमा आगे माह ड़ेढ माह तक बरकरार रहेगी।

---

# अर्जुंदा की वेटलिफ्टर हेमा मांडवी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

■ हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 14 से 17 फरवरी तक होगी प्रतियोगिता



वेटलिफ्टिंग एंड स्पोर्ट एकेडमी अर्जुंदा की वेटलिफ्टर हेमा मांडवी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दुर्ग यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 14 से 17 फरवरी तक होगा। इससे पहले हेमा जोनल गेम्स जो जालंधर में 20 से 23 जनवरी हुआ था, जिसमें भाग लेकर उन्होंने आल इंडिया गेम्स के लिए अपना स्थान पक्का किया।

हेमा वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। हेमा ने वेटलिफ्टिंग की शुरुआत कक्षा आठवीं से की थी। हेमा मांडवी 68वें स्कूल नेशनल में सिल्वर मेडल एवं खेलो इंडिया वुमेंस रैंकिंग टूर्नामेंट में ब्रोंज मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। हेमा अपने समकक्ष बच्चों के साथ अर्जुंदा में कोच प्रकाश देशमुख के मार्गदर्शन में अभ्यास करती हैं।

इस उपलब्धि के लिए हेमा के माता–पिता एवं अकादमी के सभी बच्चों द्वारा वर्तमान में होने जा रहे प्रतियोगिता के लिए हर्ष व्यक्त किया।

---

# नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख 25 हजार की ठगी, पुलिस के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अंतर्राज्यीय ठगी का मुख्य आरोपी कर्नाटक से हुआ गिरफ्तार, सहयोगी फरार



जिला पुलिस की एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय ठगी के आरोपी को मन्नूर कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नौकरी लगाने के नाम से भूतपूर्व सैनिक से 5 लाख 25 हजार की ठगी करने का आरोप है। मामले में आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज था। पुलिस ने मन्नुर थाना काकती जिला बेलगम कर्नाटक निवासी आरोपी महेश कदम पिता मोहन कदम 36 वर्ष से घटना में प्रयुक्त बैंक खाता पासबुक, दो नग एटीएम कार्ड एवं एक नग मोबाइल फोन जब्त किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु मन्नूर कर्नाटक राज्य भेजी गई। टीम ने मन्नूर कर्नाटक में कैम्प कर लोकल हिंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना रनचिरई क्षेत्र में 6 जून 2023 को सेना से सेवानिवृत्त जवान खपरी (ब) थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी मुकेश कुमार साहू पिता स्व. दयालु राम साहू 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे दिनेश कदम नामक आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर 7204092242 के माध्यम से बातचीत कर नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर अपने मोबाइल फोन एवं विभिन्न फोन नंबरों के माध्यम से फोन कर 19 मार्च 2023 से 05 अप्रैल 2023 के मध्य कुल करीब 05 लाख 25 हजार रूपये फोन पे, गूगल पे, आरटीजीएस के माध्यम से अपने अन्य साथी आरोपियों के खातों में रकम जमा करवाकर ठगी की। मुकेश साहू की रिपोर्ट पर थाना रनचिरई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### मोबाइल नंबर व बैंक ट्रांजेक्शन से हुआ खुलासा

मामले की विवेचना के दौरान आरोपी एवं पीड़ित के मोबाइल फोन नंबर की सीडीआर, एसडीआर एवं बैंक खातों के ट्रांजेक्शन का अध्ययन किया गया। इस पर प्रकरण के मुख्य आरोपी दिनेश कदम पिता मोहन कदम उम्र करिबन 32 साल साकिन मन्नुर थाना काकती जिला बेलगम (कर्नाटक) द्वारा अपने अन्य साथी आरोपियों निलेश कदम, महेश कदम आदि के साथ मिलकर एक राय होकर अपने साथी अभियुक्तो के मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता का उपयोग कर प्रकरण के घटना घटित करना पाया गया। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना अर्जुंदा एवं साइबर सेल बालोद के सयुक्त पुलिस टीम द्वारा कर्नाटक भेजी गई। वहां टीम ने 8 फरवरी 2025 को मामले में मुख्य आरोपी महेश कदम पिता मोहन कदम उम्र 36 साल मन्नुर से पूछताछ की गई। आरोपी को 10 फरवरी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। उक्त आरोपी द्वारा घटना में प्राप्त एवं आरोपी के बैंक खाते में रखा बचत रकम रूपये 78,000 को प्रकरण में संबद्ध किया जा रहा है। प्रकरण के घटना में शामिल मुख्य आरोपी दिनेश कदम अन्य आरोपी निलेश कदम फरार हैं, जिनकी पता तलाश की जा रही है।

---

**चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी, मरीजों को हो रही परेशानी**

# सेक्टर नौ जेएलएन हास्पिटल बना रेफरल सेंटर दर्जनभर विभागों में नहीं हैं विशेषज्ञ चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ आउटसोर्स पर टिका हदय रोग विभाग, निजी अस्पतालों में रिफर होने मजबूर




भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेंक्टर नौ हास्पिटल के सिमटने का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। डेढ़ दो दशक पूर्व सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा और उम्दा अस्पताल चौतरफा समस्याओं से जूझ रहा है। प्रबंधन की उदासीनता से यह हास्पिटल आज एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। इसकी सबसे अधिक कीमत इलाज कराने वाले बीएसपी कर्मियों को चुकानी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि दो दशक पूर्व तक एक हजार बिस्तर क्षमता वाले सेक्टर नौ हास्पिटल की पहचान न सिर्फ मध्य भारत के बड़े अस्पताल में प्रमुख और संजीवनी के रुप में थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफस, संसाधन, चिकित्सा उपकरण, इलाज की गुणवत्ता और अनुसंधान आदि के मामले में सेल के साथ देश में मुख्य अस्तालों में थी। लेकिन धीरे धीरे आज यह हास्पिटल सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान खो रहा है। अस्पताल में मशीनें और उपकरण तो तो ए ग्रेड के हैं लेकिन आज इनका उपयोग करने वाले मेडिकल विशेषज्ञों का टोटा बना हुआ है। डाक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, मैरामेडिकल स्टाफ,दवाईयों, संसाधनों, इलाज की गुणत्ता आदि सभी क्षेत्रों में गिरावट आ रही है। पिछले दस साल के दौरान अनेक अनुभवी डांक्टरों, विशेषज्ञों, नर्सों, लेब टेक्निशियनों के रिटायर होने के बाद भर्ती नहीं होने से मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। यूनियनों के मुताबिक अस्पताल में कार्डियोलाजिस्ट, न्यूरो फिजिशियन, न्यूक्लियर मेडिसिन, रेडियोलाजी व पैथालाजी के विशेषज्ञों व चिकित्सक नहीं हैं या भारी कमी है। इसके चलते हर माह पचासों मरीजों को ग्रीन कारिडोर बनाकर रायपुर या साउथ के निजी अस्पतालों में रिफर किया जा रहा है।

### वर्कलोड से बढ़ रही गुणवत्ता की चुनौती

उल्लेखनीय है कि पिछले दस साल के दौरान जेएलएन अस्पताल में डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर कर व्यवस्था सुधारने की मांग कई बार आफिसर्स एसोसिएशन, श्रमिक संगठन और राजनीतिक दल प्रबंधन और इस्पात मंत्रियों से कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ओए ने तो अस्पताल के सामने धरना प्रदर्शन तक किया लेकिन परिणाम शिफर है। पिछले 15 साल में डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ आधे से भी कम रह गया है। इससे स्टाफ पर कितना अधिक वर्कलोड होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। बीएमएस, सीटू, एटक, इंटक और एचएमएस ने जेलएलएन अस्पताल में डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर करने व्यवस्था सुधारने की मांग स्थानीय व सेल प्रबंधन तथा इस्पात मंत्री से की है।

---

# फुंडा में मिली 500 पेटी शराब, एएसपी और पाटन टीआई को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ थाना प्रभारी अनिल साहू और एएसपी अभिषेक झा के खिलाफ दायर हुआ आपराधिक परिवाद

तीन दिन पहले पाटन के ग्राम फूंडा चौक के समीप स्थित फार्म हाउस में पांच सौ पेटी अवैध शराब बरामद मामले में फार्म हाउस संचालको ने न्यायालय में पुलिस कर्मियों के खिलाफ परिवाद दायर किया है।

जिसमें 10 फरवरी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पाटन ने थाना प्रभारी अनिल साहू और एएसपी अभिषेक झा दुर्ग के खिलाफ आपराधिक परिवाद पर संज्ञान लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आवेदकगण ग्राम देवादा पाटन निवासी भीखम लाल वर्मा, कुमारी वर्मा, महेन्द्र कुमार वर्मा, मुकुंद वर्मा, चेलाराम यादव, प्रेमलाल, फुंडा चंद्रभान पोयाम के अधिवक्ता के निवेदन पर न्यायालय ने तत्काल थाना पाटन के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया है। यह मामला 7 फरवरी को ग्राम फुंडा के वर्मा फार्म हाउस में कथित रूप से अवैध शराब जप्त किए जाने से जुड़ा है। आवेदकगण ने पुलिस के दोनों अधिकारियों पर यह भी आरोप लगाया है कि उनके निर्देश पर वर्मा फार्म हाउस में शराब से भरी ट्रक को फार्म हाउस के अंदर कराया गया। शराब की पेटीयां फार्म हाउस के कर्मचारियों से ही अनलोड कराया गया। फिर से पेटीयों को लोड कराया गया ,फार्म हाउस के कर्मचारियों ने न्यायालय में शपथ पत्र देकर आवेदन के परिवाद का समर्थन किया है। पुलिस के द्वारा उनका मोबाइल छीन लेने, जबरदस्ती फार्म हाउस में बिना अनुमति के घुसकर ट्रक से शराब की पेटीयां उतार कर झूठा मामला बनाने की बात कही है।

### परिवाद में यह भी कहा गया

आवेदनगण ने अपने परिवाद में यह भी उल्लेख किया है कि दुर्ग एसपी और दोनों पुलिस अधिकारी गण आवेदक महेंद्र वर्मा को फरार होना बताकर और वर्मा फार्म हाउस के संपत्ति को भी जप्त करने की कार्रवाई करेंगे ऐसा बताकर भय उत्पन्न किया गया है। महेंद्र वर्मा स्वयं न्यायालय के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है कि दोनों अधिकारी उसे झूठा मामला में फंसा रहे हैं। जबकि अवैध शराब से उसका या उसके परिवार का कोई लेना-देना नहीं है। जब महेंद्र वर्मा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से थाना पाटन के थाना प्रभारी को आवेदन प्रेषित किया। जांच में सहयोग करने की बात भी लिखी तब थाना प्रभारी ने उस आवेदन को लेने से इंकार कर दिया। महेंद्र वर्मा ने एसपी और न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में उक्त आवेदन को प्रेषित किया। न्यायाधीश ने संज्ञान लिया है और दोनों पुलिस अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेज कर पूछा है कि क्यों ना आप लोगों के खिलाफ दांडिक प्रकरण दर्ज किया जाए ।

**खबर संक्षेप**



### यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**दुर्ग।** यादव ठेठवार समाज दुर्ग राज के 112 गाँव पदाधिकारियों द्वारा एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन हुआ। अधिवेशन में माताएं, बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्यतिथि यादव ठेठवार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलेंद्र यादव, विशिष्ठ अथिति रिवेन्द्र यादव पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग रहे। आयोजन में माता, बहनों, युवा साथियो द्वारा सभी का सम्मान किया गया। वार्षिक अधिवेशन में संगठन का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव द्वारा करवाया गया। राज अध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार नन्द झरोखा यादव डडेसरा व राजकुमार यादव उतई, सचिव में कृष्ण कुमार यादव व हरिशंकर यादव थे। जिमसे दुर्ग राज के 112 गाँव के पंचों द्वारा मतदान कर अध्यक्ष राजकुमार यादव, सचिव हरिशंकर यादव को चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, सहसचिव जगन्नाथ यादव, कोषाध्यक्ष जनक यादव बने। अधिवेशन में यादव ठेठवार दुर्ग राज के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, गणेश यादव, शत्रुहन यादव, राजू यादव, मुन्ना यादव आदि शामिल हुए।

### रासेयो ने स्वच्छता व रक्तदान करने लिया संकल्प

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर तरुन कुमार साहू के मार्गदर्शन अनुसार स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय सिंह ने संकल्प करते हुए संबोधित किया कि स्वच्छता हमारी पहली जिम्मेदारी एवं पहलू होते हैं। राजपथ दिल्ली में सम्मिलित होने वाले स्वयंसेवक दीपांकर ने परेड एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में बताया। स्वयंसेवक नकुल द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में दल नायक रितिक, वरिष्ठ स्वयंसेवक द्रविण ने भागीदारी किया।

### गंदे पानी से उठ रही बदबू संक्रामक बीमारी का खतरा

**दुर्ग।** रामनगर दुर्ग में महाकालेश्वर शिव मंदिर वाली गली के रहवासी बदबू से परेशान हैं। यहां खाली प्लाट में गंदा पानी और कचरा भरा हुआ है। वहीं कुछ घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी वहीं जमा हो रहा है। जिसकी वजह से यहां बदबू उठ रही है और मच्छर भी खूब पनप रहे हैं। जिससे आसपास के रहवासी बहुत अधिक परेशान हैं। निगम के सफाई कर्मियों को इसकी जानकारी देने के बावजूद वे इसकी सफाई नहीं कर रहे हैं। जिससे समस्या यथावत बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि इस जगह सफाई नहीं की गई तो संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है।

### संत रविदास जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** सर्व अनुसूचित जाति समाज छग के पदाधिकारियों, सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संत गुरू रविदासजी के जयंती दिवस माघ पूर्णिमा को प्रदेश में सार्वजनिक/सामान्य अवकाश घोषित करने राज्य सरकार को अनुरोध पत्र भेजा है। संत रविदास जी देश के करोड़ों दलित, वंचित समाज के मसीहा हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त अमानवीय बुराई से लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया, ऐसे महान मानवतावादी संत के जयंती पर राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित करना संत रविदासजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### 14 को उत्साह के साथ मनाया जायेगा मातृ-पितृ पूजन दिवस

**रायपुर।** राजधानी में 14 फरवरी को माता-पिता के सम्मान में साधक परिवार द्वारा मातृ-पितृ पूजन दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा। इस नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने इस मौके पर मरीन ड्राइव तेलीबांधा में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। मातृ-पितृ पूजन दिवस के प्रचार-प्रसार करने बाइक रथ तैयार किया गया है। यह रथ शहर व आसपास के गांवों में विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर भारतीय संस्कृति की धरोहर को संरक्षित रखने का संदेश देगा।

# दसवीं में 17 हजार और बारहवीं में 12 हजार परीक्षार्थी देंगे बोर्ड की परीक्षा

**एक मार्च से बारहवीं और तीन मार्च से दसवीं की परीक्षा, पांचवी और आठवीं की समयसारिणी भी जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग शिक्षा मंडल द्वारा आगामी एक मार्च को बारहवी और तीन मार्च को दसवी बोर्ड परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई हैं। जिले में इस बार जहां तीन नए केन्द्र बनाए गए हैं, वही तीन पुराने परीक्षा केन्द्र को बंद किया गया हैं। दसवी व बारहवी के आलावा इस बार पांचवी और आठवी बोर्ड परीक्षा की तिथि भी जारी कर दी गई हैं।

सीजी बोर्ड की परीक्षाओं की शुरुआत 1 मार्च से हो रही है। इनके लिए दुर्ग जिले में बोर्ड के मुख्य परीक्षा केंद्र 135 बनाए गए हैं। दुर्ग मे 68, पाटन में 36, धमधा में 31 केंद्र बनाए हैं। जिसमे 3 नए केंद्र पहला शा.उ.मा.वि. उरला दुर्ग, दूसरा शा.उ.मा.वि. जे.पी. नगर केम्प 2 भिलाई और तीसरा शा. हाई स्कूल कानाकोट पाटन बनाया गया हैं। वही सत्र 2024-25 में 3 परीक्षा केन्द्र बंद किये गये है। जिसमे डीएव्ही माडल स्कूल आर्यनगर दुर्ग, महर्षि दयानंद स्कूल सेक्टर 6 मिलाई, और विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 2 भिलाई को बंद किया गया हैं।

#### दसवीं और बारहवीं में इतने विद्यार्थी

माशिमं से मिली जानकारी के अनुसार दसवीं में विद्यार्थियों की संख्या 17,131 और बारहवीं में विद्यार्थियों की संख्या 12,929 हैं। बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के दौरान कोई समस्या होने पर समाधान के लिए जिले में कन्ट्रोल रूम बनाये गये है। जिसके लिए प्रभारी अधिकारी अमित घोष सहायक संचालक और संजय कुमार मानिकपुरी (उ.व.शि.), शास. प्रोन्नत पूर्व माध्य. शला चिरपोटी दुर्ग की नियुक्ति की गई हैं। पूरे जिलों में सीजी बोर्ड परीक्षा के लिए 135 केंद्र बनाए गए हैं।

#### थाने में रखे जाएंगे प्रश्न पत्र

सीजी बोर्ड की परीक्षाएं शुरु होने से पहले प्रश्नपत्रों का वितरण 24 फरवरी से किया जाना हैं। जिसके लिए प्रश्न पत्रों समेत गोपनीय सामग्री को 25 थानों में रखा जाएगा। साथ ही केंद्र के आसपास पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इधर स्कूलों में भी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में हैं। आगामी 24 फरवरी को 80 केंद्रों में प्रश्न पत्र का वितरण किया जायेगा, वही 25 फ़रवरी को 55 केंद्रों में प्रश्न पत्रों का वितरण किया जावेगा।

#### बोर्ड के बाद पांचवी और आठवीं की परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से कक्षा 5वीं और 8वीं केन्द्रीकृत परीक्षा 2025 की समय-सारिणी जारी की दी गई। कक्षा 5वीं की परीक्षा 17 मार्च और कक्षा 8वीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होगी। जहां पांचवीं की परीक्षा सुबह 8 बजे से 10 बजे तक और आठवीं कक्षा की सुबह 8 बजे से 11 बजे तक

**मुख्य मुकाबला दो गुटों में, माह के अंत तक तय होंगे प्रत्याशी**

# 14 अप्रैल से 10 फेज में 109 पदों के लिए होगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के नए कार्यकारिणी चुनाव के लिए 14 अप्रैल से 10 चरणों में मतदान होगा। 109 पदों के लिए 27 हजार से ज्यादा सदस्य मतदान कर अपने पसंद का प्रतिनिधि चुनेंगे। इस चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद रहेंगे। इनके साथ ही 53 जिला उपाध्यक्ष, 53 जिला महामंत्री के लिए चुनाव होगा। इधर प्रदेश स्तर पर निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति भी गई। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव 2025 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा अपने सभी निर्वाचन अधिकारियों के साथ गत दिनों की गई बैठक में प्रदेश स्तर के मतदान केंद्र एवं क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने अपने सहयोगी निर्वाचन अधिकारियों से विचार-विमर्श कर अंबिकापुर में भी मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। इस तरह अब 10 चरणों में मतदान होंगे। मतदान कराने के लिए सहयोगी के रूप में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई। आवश्यकतानुसार और भी निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

#### प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन 5 मार्च को

■ प्रदेश स्तर पर निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति हुई

#### प्रदेश में 10 मतदान केंद्र

निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र गोलछा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश स्तर पर दस मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जो कि अंबिकापुर, मनेंद्रगढ़, धमतरी, रायगढ़, बिलासपुर, राजनांदगांव और भिलाई तथा रायपुर में दो चरण में मतदान होंगे। अंबिकापुर एवं मनेंद्रगढ़ में निर्वाचन अधिकारी अनिल कुचेरिया द्वारा मतदान स्थल का निरीक्षण किया गया। बैठक में शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद्र गोलछा, बालकृष्ण दानी, केसी माहेश्वरी, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, संजय जोशी, एमएस रावते, एचएस कर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

#### 14 अप्रैल से शुरू होगी मतदान प्रक्रिया

चैंबर चुनाव का बिगुल फूंकते ही व्यापारिक संगठनों में हलचल मची है। 14 अप्रैल से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों की मतगणना मंगलवार 6 मई को रायपुर में होगी। चैंबर के इस महासंग्राम में मुख्य मुकाबला जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के बीच होगा। सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए बैठक भी शुरू हो गई है, जिसमें चैंबर चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा शामिल है। ऐसी संभावना है कि माह के अंत तक यह तय हो सकता है कि किस पैनल से कौन-कौन प्रत्याशी चुनाव मैदान उतरेंगे।

#### ये होंगे निर्वाचन अधिकारी

- अंबिकापुर - बाबूलाल अग्रवाल, राजेश सोनी
- बिलासपुर - छेदीलाल सराफ, घनश्यामदास लालवानी सीए, अजय सराफ
- रायगढ़ - बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता, राजेश अग्रवाल
- मनेंद्रगढ़ - रमेशचंद्र सिंह, अधिवक्ता
- धमतरी- निर्मल बरड़िया, अर्जुन जैसवानी, राजेंद्र सिंह छाबड़ा
- राजनांदगांव - योगेश खत्री
- भिलाई - गिरीश बंसल, शिवराज शुक्ला, बंशी अग्रवाल, देवेंद्र भाटिया, दिलीप अग्रवाल

## धनोरा में श्रीराम कथा जारी

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी धनोरा दुर्ग में शत चंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि श्रीराधा कृष्णा मंदिर समिति की ओर से हर साल यहां पर माघी पुन्नी पर मेला मड़ई का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी मेला मड़ई का आयोजन 12 फरवरी को रखा गया है।



बाबा दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि धनोरा में चल रहे श्री राम कथा में चित्रकूट से पधारे जगतगुरु धीरेन्द्र चार्य महाराज जी ने राम चरित्र मानस का पुष्प वाटिका प्रसंग में बताया कि श्री राम ने कैसे स्वीकारा सीता का प्रेम। उन्होंने कहा कि मार्गशीर्ष महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर श्रवण नक्षत्र में सीता राम विवाह की परंपरा है। माना जाता है त्रेतायुग में इसी संयोग पर श्री राम और सीता का विवाह हुआ था। इस दिन को विवाह पंचमी कहा जाता है। सीता राम विवाह से जुड़े प्रसंग बाल्मीकि रामायण और तुलसी दास रचित रामचरितमानस में बताये गए हैं जिनसे कई बातें सीखने को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम और सीता का विवाह से पूर्व का यह प्रेम अत्यंत पवित्र है। यह भाव और मन के तल पर प्रेम और स्नेह की परिकाष्ठा है। सीता और राम दोनों ही मानसिक रूप से इसे स्वीकार करते हैं। यह सात्विक दृश्य कितना प्रेरक है। उन्होंने कहा कि वासना प्रेम नहीं है। स्वतंत्रता के नाम पर मर्यादा तोड़ना उचित नहीं है। इसी के साथ महाराज ने भगवान श्रीराम जी द्वारा धनुष तोड़ने तथा श्रीराम व सीता के विवाह प्रसंग पर भी चर्चा की।



## कन्या महाविद्यालय में सरस्वती पूजन कर शास्त्रीय नृत्य की दी गई प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत विभाग, नृत्य विभाग, चित्रकला एवं मूर्तिकला तथा इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) एवं निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 की प्राचार्या डॉ. अश्वनी महाजन, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मिलिन्द अमृतफले एवं अन्य प्राध्यापकों ने माँ सरस्वती का पूजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं ने संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले के संगीत निर्देशन में सुमधुर सरस्वती वंदना और नृत्य विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री सृष्टी मन्ना के निर्देशन में नृत्य विभाग की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही निराला जयंती भी उत्साह से मनाई गई। हिन्दी विभाग की छात्रा कु. वर्षा ने निराला की कविता ''तोड़ती पत्थर'' का प्रस्तुतिकरण दिया। इस आयोजन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को उद्बोधित किया और छात्राओं को मेहतन से अध्ययन करने का आहवान किया।

## रीएजेंट घोटाले में पूछताछ पूरी न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया मोक्षित कार्पोरेशन का एमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ 28 जनवरी को ईओडब्लू ने किया था गिरफ्तार, दूसरी बार लिया था रिमांड

सीजीएमएसी और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ साठगांठ कर अरबों के रीएजेंट और दवा घोटाला को अंजाम देने वाले मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को न्यायिक रिमांड पर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। ईओडब्लू की टीम ने उसे 28 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था और दो दौर में रिमांड पर लिया था। माना जा रहा है कि उससे पूछताछ पूरी हो चुकी है। राज्य शासन ने स्वास्थ्य विभाग में हुए अब तक के सबसे बड़े घोटाले की जांच की जिम्मेदारी ईओडब्लू को दी थी। घोटाले के सूत्रधार माने जाने वाले मोक्षित कार्पोरेशन और सहयोगी कंपनी पर मामला दर्ज कर ईओडब्लू की टीम ने विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की और शशांक गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। उसे पहले 4 फरवरी, फिर 10 फरवरी तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। सोमवार को उसे पुनः न्यायालय में पेश किया गया। ईओडब्लू के शासकीय अधिवक्ता मिथिलेश वर्मा ने बताया कि उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। माना जा रहा है कि शशांक चोपड़ा से पूछताछ पूरी की जा चुकी है। इस मामले में अब ईओडब्लू की अगली कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। प्रकरण में विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता भी पाई गई है, जिनसे पूछताछ होने की बात सामने आई है, मगर अधिकारिक तौर पर इसकी अब तक पुष्टि नहीं की गई है। इस घोटाले में सबसे अधिक चर्चा हजार गुना अधिक दामों में खरीदे गए ब्लड टेस्टिंग ट्यूब की रही। इसके अलावा विभागीय अफसरों ने बड़े कमीशन के लालच में ऐसे केमिकल खरीदकर स्वास्थ्य केंद्रों को भेज दिया, जिनकी वहां जरूरत नहीं थी। रीएजेंट अथवा केमिकल का उपयोग नहीं हुआ और वे खराब हो गए, जिसकी वजह से शासन को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा।

## शराब परिवहन एवं विक्रय पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



आबकारी विभाग जिला दुर्ग द्वारा वृत दुर्ग आंतरिक दक्षिण के अतंर्गत ग्राम मटंग, मानिकचौरी मार्ग थाना उतई में दोपहर गश्त के दौरान अवैध शराब के परिवहन एवं धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी पुकेश्वर खरे उर्फ नानू के कब्जे से 31 पेटियों में भरी कुल 1550 नग गोवा स्पेशल पाव फॉर सेल इन एमपी ओनली मदिरा जिसका मूल्य 2,01500 रूपये है तथा एक स्विफ्ट कार सीजी 08 एएन 7948 जिसका मूल्य लगभग 5 लाख कुल कीमत लगभग 7,01,500 रूपये जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अरविन्द साहू आबकारी उप निरीक्षक द्वारा विवेचना में लिया जाकर आरोपी को जेल दाखिल किया गया। इस प्रकरण में आबकारी उप निरीक्षक गीतांजलि तारम, आबकारी मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, आबकारी आरक्षक खुलदीप यादव, ड्राइवर धनराज एवं नोहर का योगदान रहा।

### कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी संभालेंगी डिप्टी सेक्रेटरी का पद



**दुर्ग।** आईएएस अधिकारी रिचा प्रकाश चौधरी को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी मिली हैं पै रिचा प्रकाश चौधरी को केंद्र में वाणिज्य विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है बता दें कि वर्तमान में दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी छत्तीसगढ़ कैडर की 2014 बैच की पै हैं केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम के तहत पै रिचा प्रकाश को वाणिज्य विभाग में उप सचिव के पद पर नियुक्त किया गया हैण चार साल का कार्यावधि पदभार ग्रहण करने के साथ शुरू होगी। इसके साथ ही पत्र जारी होने के तीन सप्ताह के भीतर पदभार ग्रहण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## नाले का पानी डायवर्ट किये बिना अच्छे ढंग से निर्माण नहीं किया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पम्प कृष्णा नगर के मध्य हो रहा नाले का निर्माण

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आवश्यकता को देखते हुए कर्मा चौक मोर्या टाकिज से लोहिया पेट्रोल पम्प कृष्णा नगर के मध्य नाले का निर्माण 1 करोड़ 97 लाख की लागत से करवाया जा रहा है।

यह नाला पूर्व में 25 साल पहले का निर्मित होने के कारण जीर्णक्षीर्ण हो गया था। इसके कारण पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पा रहा था। बरसात के समय अधिक वर्षा होने से नाला भरकर उफान में आ गया। इससे सुपेला घड़ी चौक पर लबालब पानी भर जाने के कारण सड़क व नाला दिखना बंद हो गया था, इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थीं। उसी को देखते हुए नाला अधिक समय तक टिकाऊ रहे और व्यवस्थित हो इसलिए उसके बहाव को डायवर्ट करने की आवश्यकता थीं। इसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर स्वयं गये थे। निर्माण एजेंसी का कहना था कि हमने नाले के बहाव को रोकने के लिए बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग के दूसरी तरफ पानी को डायवर्ट कर दिया है। इसके लिए बीच में बालू से भरा बोरी रख दिया गया। इसके कारण दलदल और मलवा पूरी तरफ से सतह पर बैठ जा रहा है। ऊपर का पानी पुराने बस डिपो में भरते हुए सब्जी मंडी के रास्ते निकल रहा है। देखने में वह पानी पूरी तरफ से साफ सुथरा लगता है। कुछ लोग इसे पाने का पानी समझ रहे हैं। यह नाला 2 मीटर गहरा, 2 मीटर चौड़ा, 1580 मीटर लम्बा निर्माण के साथ-साथ उसके उपर स्लेब से लिन्टर भी किया जाएगा। जिससे भविष्य में कोई दुर्घटना न हो। नाले का सतह पूरी तरह सीमेंटीकरण हो, उसकी बराबर तराई हो और सूख जाने के बाद ही पुराने बहाव को उसमें जोड़ा जा सकता है। नगर निगम भिलाई को इस बात का संज्ञान है, इसलिए पानी को डायवर्ट किया जा रहा है। नाले के पानी को डायवर्ट करने से लोगों को परेशानी नही होगी और बारिश में बाढ़ या जलभराव की स्थिति भी नहीं बनेगी।

## दुर्ग में होगी सरसों की खेती, 275 एकड़ में लगाई फसल

**भिलाई।** जिले में पायलेट प्रोजेक्ट के तहत सरसों की खेती शुरू की गई है। जिले के चंगोरी, सोनपुर, करगा और अमेरी में इसकी शुरुआत की गई है। करीब 275 एकड़ में सरसों की फसल लगाई जा रही है। इसके लिए भारतीय कृषि अनुसंधान प्ररिषद के कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर से प्राप्त पौधों को किसानों को सौंपा गया। उन्हें सरसों के उत्पादन और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के कृषि वैज्ञानिकों ने इस बारे में किसानों को अवगत कराया। 275 एकड़ में सरसों फसल का समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के रूप में प्राप्त हुआ था, जिसे किसानों को उपलब्ध कराया गया। इसके लिए किसानों में रामकुमार वर्मा, परदेशी वर्मा, बलराम बांधे, महेन्द्र वर्मा, मनहरण वर्मा, पंकज वर्मा, सरजू ठाकुर, घनश्याम ठाकुर ने खेतों में लगे सरसों फसल का का अवलोकन भी किया था।

Health Town
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एनआरएलएम की कार्यकर्ताओं को दीगई साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी

**बालोद।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत सभा कक्ष बालोद में साइबर ठगी एवं उससे सुरक्षा की जानकारी दी गई। साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड जैसे मातृत्व वंदना योजना, बिजली बिल ऑनलाईन भुगतान, फोन पे, गुगल पे, पेटीएम में कैश बैक ऑफर, टावर लगाने के नाम पर, केबीसी लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, एपीके फाईल डाउनलोड डाउनलोड नही करने, लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, एटीएम कार्ड का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने एवं साइबर क्राईम हेल्फ लाईन नं. 1930 की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में अति पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, सायबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूम लाल चुरेंद्र, आर. रविकांत गंधर्व उपस्थित थे।

### शासकीय प्राथमिक शाला संजारी को भेंट की गई थाली



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला संजारी के छात्रों को मध्यान्ह भोजन के लिए सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पीएल खरे, सेवानिवृत्त व्याख्याता एमएल भुआर्य, सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी लेखराम ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी दयानंद खरे, कुंवर सिंह सोनकर ने 100 नग थाली प्रदान की। साथ ही छात्रों को बिस्किट वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संस्था प्रमुख भूपेन्द्र कुमार इंदौरिया, भीकेश कुमार सहारे, प्रीतम कुमार रामटेके, नागेश्वरदास मानिकपुरी, कन्हैयालाल भुआर्य, राम लाल इंदौरिया, रमशिला भुआर्य, निकिता यदु, प्रेमलाल भुआर्य, तुलसीराम, रामसुख उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कैलाश नगर कुरुद निवासी होमेन्द्र कुमार देशमुख नगर निगम भिलाई मेन ऑफिस के सामने बाइक सी.जी. 04 सीई 1591 को खड़ा किया था। बाइक को अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित ने आसपास खोजबीन करने के बाद शिकायत पुलिस खाने में किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाइक बेचने की फिराक में युवक ग्राहक की तालाश कर रहा था। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया।











## चुनाव : नगर पंचायत अर्जुन्दा में अध्यक्ष के 5 व पार्षदों के 47 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

# प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय भी कर रहे जीत के दावे, अब 15 को फैसले का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

जिले में नगरीय निकाय चुनाव के लिए हुए मतदान के साथ ही प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ ही कई निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। इसके साथ ही लोगों में भी यह चर्चा आम है कि कौन जीत रहा है, किसकी सरकार बनने वाली है। हालांकि यह तो 15 फरवरी को ही पता चल पाएगा कि, नगर की सत्ता का सिंहासन किसे मिल रहा है।

नगरीय निकाय के तहत हुए चुनाव में नगर पंचायत अर्जुन्दा में अध्यक्ष पद के 5 एवं 15 वार्ड पार्षद के लिए मैदान में उतरे 47 प्रत्याशियों का भाग्य मंगलवार को ईवीएम में कैद हो गया। सबको 15 फरवरी का इंतजार है, क्योंकि सभी



की निगाहें इस बात पर है कि क्या यहां पहली बार निर्दलीय कब्जा करने वाला है।

अर्जुन्दा नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के ओसाबा यादव, कांग्रेस की सुषमा चन्द्राकर के साथ ही भाजपा के दो बागी पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणेश जैन, भाजपा नेता रोमन सोनकर व निर्दलीय योगेश्वर निर्मलकर मैदान में थे। लेकिन प्रमुख टक्कर भाजपा प्रत्याशी का भाजपा के ही दोनों बागियों के मध्य रहने की चर्चा रही। यह चर्चा भी आम है कि भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रहे प्रणेश जैन अर्जुन्दा नगर में एक नया इतिहास रच सकते हैं। प्रणेश जैन 20 साल से लगातार पार्षद रहे हैं। विभिन्न वार्डों से वे लगातार जीतते आ रहे हैं। इस बार वे भाजपा के प्रमुख दावेदार थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें दरकिनार कर वर्तमान पार्षद ओसाब यादव को टिकट दिया था। इससे नाराज प्रणेश जैन बागी होकर निर्दलीय ही मैदान में उतर गए। अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ मैदान में उतरने वाले प्रणेश जैन को पार्टी ने बाहर का रास्ता भी दिखा दिया है। चर्चा आम है कि इस बार का चुनाव परिणाम चौंकाने वाला आ सकता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियां अपनी जीत का दावा जरूर कर रही हैं, वहीं निर्दलीय भी अपनी दमदारी के साथ फैसला अपने पक्ष में होने का दावा कर रहे हैं। अब नगर की सत्ता की चाबी किसको मिलेगी यह तो 15 फरवरी को सामने आ जाएगा।






### 99 साल की बुजुर्ग को मतदान से रोका, हंगामा

**बालोद।** शहर के वार्ड नंबर 10 के मतदान केंद्र पर 99 साल की बुजुर्ग महिला को वोट देने से रोक दिया गया। इस पर परिजनों द्वारा जमकर हंगामा किया।दरअसल वार्ड नंबर 10 के मतदान केंद्र में बैठे पीठासीन अधिकारी ने बुजुर्ग महिला खम्मा बाई सांखला जैन का नाम एडीएस सूची में होने का हवाला देकर उन्हें मतदान करने से मना कर दिया गया। मतदान करने से माना करने पर नाराज प्रत्याशी और परिजनों ने वार्ड नंबर 10 के मतदान केंद्र पर जमकर हंगामा किया। विवाद बढ़ता देख पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। उसके बाद विवाद को शांत किया गया और एसडीएम आने के बाद मामले पर जांच कर बुजुर्ग महिला द्वारा मतदान कराया गया।

## कलेक्टर चंद्रवाल ने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के नगरीय निकायों में पहुँचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों से मतदान केन्द्रों की व्यवस्था, मतदान का कुल प्रतिशत आदि के संबंध में जानकारी ली।

चन्द्रवाल ने मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु अधिकारी–कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने नगर पंचायत डौण्डी में बुनियादी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पश्चिम में मतदान केन्द्र क्रमांक 01 एवं बुनियादी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दक्षिण में मतदान केन्द्र





क्रमांक 02 में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों से बातचीत कर मतदान कार्य के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डी में पहुँचकर मतदान केन्द्र क्रमांक 03 एवं 04 का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने नगर पंचायत डौण्डी में शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला पूर्व के मतदान केन्द्र क्रमांक 05 का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। चन्द्रवाल नगर पंचायत गुरूर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बनाए गए आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 04 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने आदिवासी थीम पर सुसज्जित किए गए इस आदर्श मतदान केन्द्र के साज–सज्जा की सराहना की। इसके पश्चात कलेक्टर चन्द्रवाल नगर पंचायत गुण्डरदेही में पहुँचकर पीएम श्री शाला में बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 12 एवं 13 एवं शासकीय प्राथमिक शाला चौनगंज में मतदान केन्द्र क्रमांक 14 एवं 15 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम प्राची ठाकुर एवं प्रतिमा ठाकरे झा, डिप्टी कलेक्टर आशीष पेन्ड्रो सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### गुरूर में जिले का सर्वाधिक मतदान, मतदाताओं ने ली सेल्फी




**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर मे मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह रहा। यहां जिले का सर्वाधित मतदान हुआ। यहां मतदाता अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। समाज सेवी जयंत किरी अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। वे मतदान केन्द्र में आदिवासी संस्कृति की थीम पर बने सेल्फी पाइंट में सेल्फी लेने से स्वयं को नहीं रोक सके एवं परिवार के साथ फोटो खिंचवाकर इस लोकतंत्र के महापर्व को यादगार बनाया।

### पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश ने सपरिवार किया मतदान


**बालोद।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 14 आमापारा स्कूल में स्थित मतदान केन्द्र में मतदान किया।



### विधायक संगीता ने मतदान के बाद खिंचवाई फोटो




**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर में विधायक संगीता सिन्हा सबसे पहले मतदान करने पहुंचीं। मतदान के बाद संगीता सिन्हा ने सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाई और मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। मतदान के बाद में अपने विधानसभा क्षेत्र के दो नगरीय निकायों नगर पालिका परिषद् बालोद एवं नगर पंचायत गुरूर में नगरीय निकाय के अपने कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ मतदान की स्थितियों का अवलोकन करते हुए अपने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर उनका मार्गदर्शन किया।







### शांतिपूर्ण व निर्विघ्न चुनाव करवाकर लौटे मतदान दल

**बालोद।** जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कराने के बाद मतदान दलों की वापसी देर शाम प्रारंभ हो गई। जिले में कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। कहीं से भी कोई गंभीर विवाद की स्थिति निर्मित होने के समाचार नहीं हैं। मतदान संपन्न कराने के लिए सोमवार 10 फरवरी को रवाना हुए मतदान दलों की मतदान सामग्रियों की वापसी के लिए निर्धारित स्थल में सकुशल वापसी हो रही है। इस दौरान निर्विघ्न सकुशल वापसी पर मतदान दलों का तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है, उनके द्वारा आज मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है एवं सकुशल सामग्री वापसी स्थल में पहुँचने पर उन्हें बधाई एवं





### कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में पहुँचकर स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे झा एवं अन्य अधिकारियों को मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने एसडीएम झा एवं अन्य अधिकारियों से स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष के व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली।

## अध्यक्ष पद के 5 व पार्षदों के 46 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद

# नगर पंचायत डौंडीलोहारा में 82.55 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत स्थानीय डौंडी लोहारा नगर पंचायत चुनाव में मंगलवार को सभी वर्गों के मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्थानीय प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फलस्वरूप नगर में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियत तिथि एवं समय के अनुसार नगर के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान कर्मियों द्वारा सुबह 08 बजे से मतदान प्रारंभ कर दिया गया था। मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वप्रथम मॉक पोल



संपन्न कराकर मतदान प्रारंभ कर दिया गया। नगर के कन्या शाला, हाई स्कूल, प्रगति स्कूल, सशिमं व टिकरापारा स्कूल में बनाए मतदान केंद्रों में कुल 15 पार्षद व नप अध्यक्ष के मतदान हुए।अध्यक्ष के लिए कुल 5 व पार्षद के लिए पूरे नगर में कुल 46 लोगों ने अपना भाग्य आजमाया है। शाम 5 बजे तक लोगों ने अपना मतदान किया। जहां कुल 82.55 प्रतिशत वोट पड़ा। 15 अलग-अलग बूथ बने रहने के कारण भीड़ भाड़ वाली स्थिति नहीं बनी। लोगों ने आराम से अपना अपना मतदान किया। नगर में मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से चला।

नगर के कन्या शाला हाई स्कूल प्रगति स्कूल सशिमं व टिकरापारा स्कूल में बनाए मतदान केंद्रों में कुल 15 पार्षद व नपअध्यक्ष के मतदान हुए। अध्यक्ष के लिए कुल 5 व पार्षद के लिए पूरे नगर में कुल 46 लोगों ने अपना भाग्य आजमाया है। वार्ड नंबर 14 व 15 के लिए स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर को मतदान केंद्र बनाया गया था। जहां पर वार्ड 14 व 15 के सभी पार्षद व अध्यक्ष प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी, जो का चर्चा का विषय रहा।

